दैनिक

WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news

mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 65 मेरठ, शुक्रवार 16 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......




# उत्तर प्रदेश के सभी स्कूल 17 और 18 को रहेंगे बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश को देखते हुये सरकार ने अगले दो दिन राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश के मद्देनजर सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यो पर नजर रखें। उन्होंने अगले 02 दिन यानी 17 व 18 सितम्बर को प्रदेश में स्कूल-कश्वलेजों सहित सभी शिक्षण संस्थानों को बन्द रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। योगी ने कहा कि आपदा को देखते हुये जिलों में राहत कार्य प्रभावी रूप से कराए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचायी जाए। जल-जमाव की स्थिति में प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को इस आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी और राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में बुधवार रात से हो रही बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बारिश से कई मकान जमीदोज हो गये है जबकि पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। वर्षाजनित हादसों में कम से कम दस लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है। मौसम आंचलिक विज्ञान केन्द्र लखनऊ के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि लखनऊ में सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक 115 मिमी बारिश रिकार्ड की जा चुकी थी। इससे पहले चालू मानसून सीजन में जुलाई महीने में एक दिन में 115.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। बारिश की रफ्तार से उन्होने उम्मीद जाहिर की कि




आज की वर्षा से सितम्बर 2012 का रिकार्ड टूट सकता है जब एक दिन में 138.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी थी। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश में कम दवाब का क्षेत्र बनने से राज्य में मूसलाधार बारिश के हालात पैदा हुये है हालांकि शुक्रवार को लोगों को वर्षा से निजात मिलने के आसार हैं। इस दौरान आसमान में बादलों का जमावड़ा बना रहने और रिमझिम बारिश होने का अनुमान है। इस बीच लगातार हो रही बारिश से साग सब्जियों को भारी नुकसान होने की संभावना है हालांकि भादों के महीने में हो रही झमाझम बरसात खरीफ की फसल के लिये मुफीद मानी जा रही है। बारिश के चलते राज्य के अधिसंख्य इलाकों के तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। वर्षाजनित हादसों मे जौनपुर और फतेहपुर में चार चार,बाराबंकी में दो और प्रयागराज में एक व्यक्ति के मारे जाने की सूचना है। लखनऊ,कानपुर,प्रयागराज,अयोध्या,बाराबंकी,जौनपुर और कुशीनगर समेत राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश से कई इलाके टापू की शक्ल में तब्दील हो चुके हैं। राज्य के कई इलाकों में स्कूलों में रेनी डे घोषित कर दिया गया है जबकि दफ्तर जाने वालों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। बाजार भी देर से खुले लेकिन अधिकतर व्यापारी ग्राहकों की बाट जोहते नजर आ रहे हैं। लखनऊ में भारी बरसात के बीच मुख्यमंत्री आवास के समीप पार्क रोड,सिविल अस्पताल,नरही,डालीबाग, जियामऊ और हजरतगंज समेत कई इलाके टापू की शक्ल में तब्दील हो गये। पार्क रोड पर घुटनो तक पानी भरने से कई वाहन बीच रास्ते में बंद हो गये। जल जमाव के चलते सिविल अस्पताल में ओपीडी सेवायें बुरी तरह प्रभावित हुयी। सप्रू मार्ग में पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। एलडीए कालोनी में बरसात का पानी घरों में प्रवेश कर गया। लखनऊ के नगर आयुक्त जलभराव का जायजा लेने सड़क पर निकले मगर यह सिर्फ औपचारिकता मात्र साबित हुआ।

# लोधी समाज बस्ती में डेंगू के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आवाज फाउंडेशन के कार्यकारिणी सदस्यों ने गुलमर्ग के पास लोधी समाज बस्ती में डेंगू के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया क्योंकि बरसात का मौसम है जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाता है जिसमें डेंगू का मच्छर पनप रहा है जो चिंता का विषय है अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि ष्इलाज से सावधानी ष्भली उन्होंने कहा यह डेंगू मच्छर काटने से होता है जो दिन के समय काटता है इसलिए कहीं भी पानी कोई इकट्ठा ना होने दें पूरी बाजू के कपड़े पहने शरीर को अधिक से अधिक ढककर रखें यदि आप बीमार होते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें संस्था की सचिव सीमा शर्मा ने लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण विस्तार से बताएं उन्होंने कहा कि डेंगू जानलेवा हो सकता है इसमें प्लेटलेट्स की कम हो जाती है इसलिए तेज बुखार ,मांसपेशियों में अकड़न ,उल्टी लगना, शरीर पर चकत्ते पड़ना, नाक मुंह से खून आना कोई भी ऐसा लक्षण हो तो तुरंत इलाज कराएं घरों में और आसपास कहीं पर भी पानी जमा ना होने दे अपने पानी की टंकी ढक कर रखें बाल्टी और गमलों में भी पानी ना भरकर रखें संस्था के कोऑर्डिनेटर राज शर्मा ने डेंगू के साथ मलेरिया को लेकर भी सचेत किया और लोगों से साफ सफाई का पूरा ध्यान रखने के लिए कहा उन्होंने कहा साफ सफाई होगी तो हम अनेक रोगों से बचे रहेंगे

# पशिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली चोरी करने वालों के विरूद्ध की सख्त कार्रवाई



**ललित शर्मा**

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** बिजली चोरी की तो होगी कड़ी कानूनी कार्यवाही। सोनू रस्तोगी अधिशासी अभियंता द्वितीय ने बताया कि रेड मॉर्निंग चौकिंग के दौरान पंकज उपाधयाय उपखंड अधिकारी तृतीय एवं दुष्यंत, के कुशवाहा, परविंदर अवर अभियंता के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम द्वारा सदर बेगमपुल बिजलीघर के क्षेत्रान्तर्गत कोतवाली क्षेत्र में चौकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 05लोग बिजली चोरी करते पाये गये एवं मनोज कुमार उपखंड अधिकारी नवम एवं मनोज कुमार, मुकेश पाल अवर अभियंता के नेतृत्व मे एल ब्लॉक उपकेंद्र के क्षेत्र अंतर्गत जाकिर कश्वलोनी मेरठ में चेकिंग अभियान के दौरान 03 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए समस्त व्यक्तियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम की धारा-135 मे प्राथमिकी दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही करा दी गयी है। इसी प्रकार बिजली चोरी रोकने हेतु विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वालो के विरूद्ध आगे भी सख्त विधिक कार्यवाही करायी जायेगी

# कंकर खेड़ा से निकली गणपति जी की विसर्जन यात्रा







**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा मेथनिया मोहल्ला में चल रहे 7 दिवसीय गणपति पूजन का आज विसर्जन भोला की झाल पर किया गया। कंकर खेड़ा गोविंद पूरी से अमोल मित्तल,मेथनिया मोहल्ला से अंकित गुप्ता,मार्शल पिच से वरुण गोयल ने आज गणपति जी की विसर्जन यात्रा निकाली। अंकित के आवास से शुरू हुई विसर्जन यात्रा से पहले हवन व पूजन किया गया जिसके बाद गणपति जी को ढोल के साथ पैठ बाजार से टंकी चोक पर पैदल यात्रा निकाली गई। यहाँ से सभी लोग गणपति जी को लेकर कारो में सवार होकर भोला झाल पहुचे जहा विधि विधान के साथ गणपति जी का विसर्जन किया गया। इस दौरान गुल्लू ठाकुर, राजीव गुप्ता, विनय विरालिया, प्रथम अग्रवाल, तुषार गोयल, वैभव बंसल, विशाल गर्ग, युग्म, अर्पित जिंदल, दीपक, अम्बुज, ध्रुव, दिव्या, प्रियंका, दीक्षिता, प्रियल आदि उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** दोझा के राजकीय इंटर कालेज में बुधवार को अध्यापकों व छात्र छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य नितिन कुमार शास्त्री ने कॉलेज परिसर में जामुन का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के चलते ग्लोबल वार्मिग बढ़ रही है। जो मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा है। ऐसी परिस्थितोयों में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान अध्यापकों व छात्र छात्राओं में भी परिसर में फलदार व छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर अंजलि चौधरी, सरोज, वंदना, उज्जमा कय्यूम, गुलबीर सिंह, सुमित, वतन, चिराग, प्रतीक, अभिषेक, सावन आदि मौजूद रहे।


# पार्सल गेम प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**विपुल जैन**

**बागपत।** जैन सेवा संघ द्वारा नगर के जैन मोहल्ला स्थित श्री 1008 भगवान आजितनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बागपत में दशलक्षण पर्व के उपलक्ष्य में पार्सल गेम का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज के लोगों ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार विकास जैन पुत्र रामेशवर दयाल जैन, द्वितीय पुरस्कार शिखा जैन पत्नी ऋषभ जैन व तृतीय पुरस्कार विदुशी जैन पुत्री मुन्ना जैन को दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं को जैन सेवा संघ के द्वारा उपहार देकर पुरस् त किया गया। इस मौके पर कमल जैन, नितिन जैन, अनमोल जैन, उज्जवल जैन, अक्षय जैन आदि थे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की लंबित प्रकरणो की समीक्षा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के महासचिव बिंबाधर प्रधान ने आज लंबित प्रकरणो के संदर्भ में प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महासचिव बिंबाधर प्रधान ने प्रदेश के अधिकारियों को लंबित प्रकरणो का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी के0 बालाजी, एसएसपी प्रभाकर चौधरी, अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, कारागार अधीक्षक, सहायक श्रमायुक्त घनश्याम सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्लोबल सोशल कनेक्ट संस्था की मासिक बैठक का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** ग्लोबल सोशल कनेक्ट संस्था की मासिक बैठक का आयोजन स्टार प्लाजा बच्चा पार्क में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ;चा सिंह ने की तथा संचालन अभिषेक शर्मा ने किया। संस्था के महासचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले कई माह से पल्लवपुरम स्थित रैन बसेरा में छोटे बच्चों को पढ़ाने व अन्य प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए निरंतर वहां जा रहे हैं। इस बैठक में प्रस्ताव आया कि आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस पर रेन बसेरा पल्लवपुरम में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं व गौवंश को किस प्रकार नियंत्रित करा जा सकता है इसके लिए जल्द ही मुख्य नगर आयुक्त तथा आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ से मिला जाएगा। प्रधानमंत्री की मुहिम के तहत मेरठ में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ करने का अभियान भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस सभा में रिचा सिंह अध्यक्षा, अभिषेक शर्मा सचिव, डॉ सुरभि नंदा उपसचिव , बबीता सॉन्ग एजुकेशन कोऑर्डिनेटर, संगीता सिंह, बिल्लू सिंह, देवराज सॉन्ग, रविंद्र प्रधान, शिव कुमार, श्वेता भारद्वाज, पल्लवी, तथा मेरा शहर मेरी पहल के कोऑर्डिनेटर विपुल सिंघल व नवीन अग्रवाल मौजूद रहे।

# विकास खण्डों के सभागार मे मेगा इवेंट प्रधान सम्मेलन का कार्यक्रम सम्पन्न



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मिशन शक्ति फेज-3.0 के अंतर्गत जनपद मेरठ के 12 विकास खण्डों में विकास खण्डों के सभागार मे मेगा इवेंट-प्रधान सम्मेलन का कार्यक्रम किया जिसमे परिक्षितगढ़ विकास खण्ड में मुख्य अतिथि श्रीमती राखी त्यागी राज्य महिला आयोग की सदस्य रही, ब्लाक प्रमुख चौ. ब्रहम सिहं, रमेश जोशी केनरा बैंक आरसेटी व साहयक पंचायत अधिकारी, महिला कल्याण अधिकारी माधुरी शर्मा, जिला समन्वयक नेहा त्यागी व खुशबू शर्मा, विधि सह-परिविक्षा प्रभारी अधिकारी श्रीती सगर, कनिष्ठ सहायक सत्यपाल सिंह संरक्षण अधिकारी दीपिका भटनागर, समाजिक कार्यकर्ता आशा शर्मा व कैलाश मवी, प्रभारी सेन्टर मैनेजर, कम्प्यूटर आपरेटर मोहित प्रधाान, जितेन्द्र कुमार, महेश कुमार व शशी लता के द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ढ्ढसामान्यत्र के विषय में विस्तार पूर्वक व हेल्पलाइन न. 181, 1090, 1098, 112, 1076, 108, 102 के बारे मे बताया गया। साथ ही बेरोजगार युवाओ को रोजगगार सम्बन्धित प्रशिक्षण के बारे मे जानकारी दी। सभी प्रधानो से निवेदन किया गया कि अपने अपने ग्रामों में अधिक से अधिक इन योजनाओ का लाभ उठाने का कष्ट करें। व सभी अपनी अपनी न्याय पंचायत पर इन योजनाओ का विस्तार से प्रचार-प्रसार करें ताकि आम जनता को इन योजनाओं का लाभ मिल सकें । आज के मेगा इवेन्ट-प्रधान सम्मेलन कार्यक्रम में 421 प्रतिभाग किया।

# शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के प्रांगण में कोरोना के मध्य गुरुकुल की परंपरा हुई जीवंत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक अनूठी पहल देखने को मिली। शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिषेक डबास ने विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित वट वृक्ष के नीचे अपनी कक्षा का आयोजन किया। जिसमें छात्र कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दिखे। इसी बीच विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय राणा तथा प्रबंधन शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ अशोक गुप्ता ने स्वच्छ वायु एवं शुद्ध वातावरण में वट वृक्ष के नीचे छात्रों को अध्ययन करते देख बहुत प्रभावित हुए। डॉ अभिषेक डबास ने बताया कि जिस प्रकार पिछले दो सालों से छात्र अपने घरों में रहकर ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।जिस कारण छात्रों के अंदर अजीब सी नकारात्मकता सी आई है आज छात्र प्र ति से दूर होता जा रहा है। आज के समय में छात्रों को सही शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण प्रदान करना भी हमारा ही दायित्व है। खास तौर पर वट वृक्ष के नीचे कक्षा का आयोजन करने का खास कारण वट वृक्ष के द्वारा आम वृक्षों से 5 गुना ऑक्सीजन देना एवं छात्रों को प्र ति से जोड़ना है। इस अवसर पर कुलपति प्रो अजय राणा ने प्रबंधन विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युग में भी विश्वविद्यालय गुरुकुल परंपरा को आगे बढ़ा रहा है और जिस तरीके से आज के जमाने के यह छात्र जमीन पर बैठकर अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं यह आश्चर्यचकित करने वाला है। निश्चित रूप से यह छात्र आगे चलकर बड़े मुकाम को हासिल करेंगे। कोरोना काल में विश्वविद्यालय द्वारा इस तरीके से छात्रों को स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण में प्रबंधन की शिक्षा देना अपने आप में एक अनूठी और प्रथम पहल है। प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ अशोक गुप्ता ने गुरुकुल पद्धति पर वट वृक्ष के नीचे कक्षा के आयोजन की सराहना करने के लिए एवं कुलपति के संबोधन तथा उनके द्वारा छात्रों को दिए गए प्रोत्साहन हेतु कुलपति जी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के शिक्षक डॉ नेहा यजुर्वेदी, डॉ प्रीति गर्ग, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव रमन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वेंक्टेश्वरा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा गाँव ''पीपली कलां'' में ''वृहद निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थय शिविर'' का आयोजन



**मेरठ दर्पण-गजरौला।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा समूह के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से ग्रामीण अंचल के लोगो को अच्छी चिकित्सीय सुविधाऐ देने के उद्देश्य से ग्राम पीपली कलां में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा एंव स्वास्थय शिविर'' का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बिमारियों से ग्रसित 288 रोगियो की विम्स के वरिष्ठ चिकित्सकों ने जाँच कर उनको चिकित्सीय परामर्श दिया। इनमें से विभिन अश्वपरेशन से सम्बन्धित 60 मरीजो को चिन्हित कर आगामी सोमवार से उनके अश्वपरेशन किये जायेगे। ग्राम पीपली कलां में आयोजित ''विम्स निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थय शिविर'' का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 पी0के0 भारती एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए0एस0 ठाकुर ने फीता काटकर किया। विम्स निशुल्क चिकित्साध्स्वास्थय शिविर'' के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए0एस0 ठाकुर ने बताया कि आज के शिविर में सबसे ज्यादा वायरल फीवर, पेट एवं आँत रोगी हड्डी रोग के विभिन्न मरीज पित्त की थैली, गुर्दे की पथरी, आँखों में मोतियाबिन्द आदि के मरीज ज्यादा थे। सामान्य बिमारी के मरीजो को मौके पर ही चिकित्सीय परामर्श देकर एवं गम्भीर बीमारी व सर्जरी वाले मरीजो को सोमवार को ऑपरेशन के लिए बुलाया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक जर्नल सर्जन डॉ0 इकराम ईलाही, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ0 प्रतीक महेशवरी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 अभिषेक यादव, डॉ0 दिव्यांशु, डॉ0 अय्यूब, डॉ0 मौ0 आमीर डॉ0 अभिषेक कुमार, डॉ0 विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ0 विश्वांजलि, डॉ0 गुलफिशा, डॉ0 मुकाबीर, कुलदीप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## भयलिंगी व्यक्तियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु गठित हुयी जनपद स्तरीय समिति

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मौ0 मुश्ताक अहमद ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण अनुभाग-2 के पत्र द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करने और उन्हे सरकार द्वारा बनायी गयी स्कीमों तथा कल्याण संबंधी उपायों एवं किन्नरों के मुददेध्समस्याओं के स्थानीय निस्तारण के संबंध में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष जिलाधिकारी एवं सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जनपद के नगर निगम बोर्ड एवं पंचायत के अध्यक्ष, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद के समस्तत्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मनोवैज्ञानिक जिलाधिकारी द्वारा नामित, जिलाधिकारी द्वारा नामित किन्नर समुदाय के दो प्रतिनिधि तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, सदस्यध्सचिव है। उन्होने बताया कि समिति हेतु किन्नर समुदाय के दो प्रतिनिधियों को जिलाधिकारी द्वारा सदस्य नामित किया जाना है। इच्छुक किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, मेरठ में सम्पर्क कर सकते है। समिति किन्नरों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की निगरानी करेगी, जैसे किन्नर पहचान पत्र जारी करना, गैर भेद-भाव के तरीके से उनके अधिकारों को सुनिश्चित कराने आदि का कार्य करेगी।

## वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने लगाए पौधे




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा द्वारा संस्था के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक शान्ति स्वरूप गुप्ता के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। मुख्य संयोजक शान्ति स्वरूप गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा पूरे देश मे एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत अनेक शहरो में पौधे लगाए जा रहें हैं। इस अवसर परह्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल , राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षह्र महिला प्रकोष्ट रोली गोयल , मोनिका अग्रवाल संरक्षिका, मनीष अग्रवाल संरक्षक , प्रदेश उप महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सुष्मिता गुप्ता आदि का सहयोग रहा। अमित कुमार गुप्ता ने बताया संस्था द्वारा आगे भी अनेक स्थानों पर पौधे लगाएं जाएंगे, एवं सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बिजनौर में मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम और मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल का किया निरीक्षण


**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बिजनौर में मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनसभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आगामी 21 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। इसी कड़ी में मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री तथा जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जनपदवासियों को संबोधित भी करेंगे। मंत्री कपिल देव ने मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह को सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त कराने के निर्देश दिये हैं।
मंत्री कपिल देव ने कहा कि भाजपा सरकार समस्त नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है तथा चिकित्सा सहित सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करते हुए प्रदेश के चंहुमुखी विकास एवं प्रगति को निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक ओम कुमार, कमलेश सैनी, अशोक राणा, सूची मौसम चौधरी, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि आदि उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन


**मेरठ दर्पण-बागपत।** दिगम्बर जैन डिग्री कॉलिज बड़ौत बागपत में उत्तर प्रदेश सरकार की योजना मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत बालिका हेल्थ क्लब ने एक ऑनलाइन संगोष्ठी विषय "Risk and Protective Factors of Health Among Girls का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कॉलिज प्राचार्य प्रोद्र वीरेन्द्र सिंह ने की एवं छात्राओं को बतलाया कि स्वस्थ रहना हमारे समग्र जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिये, स्वास्थ्य एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक बेहतरी को सन्दर्भित करता है, उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बेटियों को सुरक्षा सम्मान पोषण एवं स्वास्थ्य के साथ-साथ उन्हें सुशिक्षित बनाकर आत्मनिर्भर बनाना होगा। संगोष्ठी



की मुख्य अतिथि डाँद्र शिजिता अग्रवाल विभागाध्यक्ष सांख्यिकी विभाग दिगम्बर जैन कॉलिज, बड़ौत ने छात्राओं को हेल्थ के रिस्क एवं प्रोटेक्टिव कारकों को बतलाते हुए उनके कारणों एवं निवारणों पर गहन चर्चा की। इसके साथ ही साथ उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या, घरेलु हिंसा, यौन उत्पीड़न पालन-पोषण में विभेदीकरण अमानवीय छेड़छाड़, बलात्कार, साइबर क्राइम आदि पर विस्तृत चर्चा की एवं प्रकाश डाला। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ रीता रानी गौड़ असिस्टेन्ट प्रोफेसर भूगोल विभाग दिगम्बर जैन कॉलिज, बड़ौत ने छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम की संचालिका डाँद्र नीरज असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग ने बताया कि किस प्रकार से हमारे मानसिक स्वास्थ्य से हमारे सावेगिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक वेलबीइंग प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि नकारात्मक सोच किस प्रकार से हमारे आत्मविश्वास में गिरावट, अकेलापन, तनाव, विषाद एवं आत्महत्या तक का कारण बन सकता है। संगोष्ठी के सफल आयोजन में प्रियंका, महक, काजल, अनिता, ज्योति, इमराना, सपना, एकता, आँचल, अंशु कौशिक, स्वाति, अन्नु, मोनिका, पूजा आदि का मुख्य योगदान रहा

# आजादी को बनाए रखने के लिए ' सांस्कृतिक चेतना बहुत आवश्यक: डॉ ओम उपाध्याय

**मेरठ दर्पण-दिल्ली।** राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव इंडिया/75 के पांच दिवसीय कार्यक्रम की श्रंखला में दूसरे दिन आजादी के सांस तिक आयाम विषय पर आईसीएचआर नई दिल्ली के निदेशक डॉक्टर ओम उपाध्याय ने भारत की सांस तिक विरासत, परंपराओं व गौरवशाली अतीत के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए लोगों में सांस तिक चेतना बहुत आवश्यक है। आजादी का अर्थ केवल राजनीतिक सत्ता हासिल करना नहीं है बल्कि अपने सनातन धर्म का पालन करते हुए भारत के विकास में योगदान करना है । सनातन ध र्म के 10 लक्षणों में से यदि कोई एक भी लक्षण अपना लेता है तो वह ईश्वर तुल्य हो जाता है। विवेकानंद ने भी कहा था मां भारती की सेवा और मां जगदंबा की सेवा में कोई अंतर नहीं है । जैसे-जैसे सनातन उठेगा , भारत भी उठेगा। भौतिकतावादी संस ति को दरकिनार अमरत्व की ओर बढ़े। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्यगीत उठें समाज के लिए उठें उठें से हुआ । तत्पश्चात एनएसएस उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक श्रोती ने सभी



आगंतुकों का स्वागत एवं वॉलिंटियर्स को आशीर्वाद प्रदान किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के समन्वयक बाला लखेंद्र ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से आजादी के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों को याद करना और सभी में राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करना है। मुख्य वक्ता का स्वागत एवं परिचय डॉ संध्या द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक रहे य जिनका परिचय एवं स्वागत एनएसएस समन्वयक डॉ के. एन. मिश्रा ने किया। प्रोफेसर पाठक ने भारतीय सभ्यता व संस ति के वैज्ञानिक ष्टिकोण व समाज सेवा पर बल दिया । उन्होंने कहा सेवा का कोई विकल्प नहीं है और यही राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श है । कार्यक्रम में राज्य स्तरीय वेशभूषा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम संयोजक मंडल की सदस्या एकता चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने आजादी के नायकों, महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद , रानी लक्ष्मीबाई , भगत सिंह , झलकारी बाई आदि की वेशभूषा पहनकर, उनके डायलॉग बोलते हुए एक मिनट की वीडियो बनाकर भेजी। लगभग 160 वीडियो प्राप्त हुई , जिनमें से 18 वीडियो चयनित कर कार्यक्रम में प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम के अंत में राज्य संपर्क अधिकारी डॉ अंशुमाली शर्मा ने सभी को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य को भी याद रखने को कहा एवं सभी आगंतुकों , कार्यक्रम अधिकारियों, संयोजक मंडल एवं सभी वॉलिंटियर्स धन्यवाद दिया । संचालन डॉ संध्या शर्मा ने किया, तकनीकी सहयोग डॉ. प्रकाश चौधरी जी का रहा ।यह जानकारी डा गीता रानी जनता वैदिक कालेज बडौत द्वारा दी गई ।

# भारतीय किसान यूनियन व किसान सेना के नेता ने दिया 26 सितंबर की किसान महापंचायत को समर्थन

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** किसानों की समस्याओं के प्रमुख मुद्दों को लेकर हिन्दू मजदूर किसान समिति के द्वारा गठवाला खाप को साथ लेकर आयोजित की जा रही किसान महापंचायत को अब अन्य किसान संगठनों ने भी समर्थन दिया है। इसमें भाकियू नेता का भी समर्थन इस महांपचायत को मिला और २६ सितम्बर को सभी किसान संगठनों के नेता गठवाला खाप के मुखिया चौ. राजेन्द्र सिंह मलिक और परमधाम न्यास के प्रमुख चन्द्रमोहन महाराज के साथ मंच पर नजर आयेंगे। इसके साथ ही महापंचायत में भारी भीड़ आने का दावा किया गया है। भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अधयक्ष अवनीत पंवार ने कहा कि सभी संगठन इसमें शामिल होंगे। हिन्द मजदूर किसान समिति द्वारा गुरुवार को आदर्श कालोनी निकट भोपा बस स्टैण्ड मुजफ्फरनगर में एक बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति के प्रवक्ता अमित मौलाहेड़ी ने बताया कि २६ सितम्बर की राष्ट्रप्रेमी मजदूर किसान महापंचायत को सफल बनाने अन्य कई संगठन सामने आयें हैं जिनका हिन्द मजदूर किसान समिति द्वारा हृदय से स्वागत किया गया है। इस अवसर पर गठवाला खाप के बाबा चौधरी राजेन्द्र सिंह मलिक ने बताया कि हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह दधेड़ू के आहवान पर २६ सितम्बर को जीआईसी मैदान मुजफ्फरनगर में होने वाली राष्ट्रप्रेमी मजदूर किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अधयक्ष अवनीत पंवार व किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने भी भी अपना समर्थन दिया है। हिन्द मजदूर किसान समिति के प्रेरणास्त्रोत चन्द्रमोहन के साथ ये सभी किसान नेता महापंचायत के मंच पर उपस्थित रहेंगे। उनका राष्ट्रप्रेमी मजदूर किसान महापंचायत को पूरा समर्थन है। इस अवसर पर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरन सिंह ने बताया कि यह पूर्ण रूप से गैरराजनैतिक किसान महापंचायत है। इसलिए हम किसानों के असली मुद्दों की लड़ाई के लिए साथ आये हैं। भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार ने बताया कि अगर सरकार इस महापंचायत के बाद भी हमारी यह मांगे नहीं मानती है तो हम लखनऊ के लिये कूच करेंगे। हिन्द किसान मजदूर समिति द्वारा किसान हितों के लिए जो मांगे उठाई गई हैं, वह जायज हैं और इनके पूर्ण होने पर देश का हर मजदूर और किसान खुशहाल हो जायेगा। हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि इसमें हिन्द मजदूर किसान समिति के प्रेरणास्त्रोत चन्द्रमोहन, गठवाला खाप के चौधरी बाबा राजेन्द्र सिंह मलिक, भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीत पंवार व किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह मंच पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का इस महापंचायत को लयेकर बयान आया है कि ये सरकारी पंचायत है। हम उन लोगों को यह बताना चाहते हैं कि ये फंडिंग वाली महापंचायत नहीं है, इसलिए इस महापंचायत में किसानों के असली मुद्दों पर गहराई से चर्चा होगी और उनके निस्तारण के लिए मांग उठाई जाएगी। इसमें क्षेत्रीय किसानों का विराट समूह शामिल होगा। क्षेत्रीय किसान बड़े उत्साह और उमंग से इस महापंचायत की तैयारी में लगे हुए हैं। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय उपाधयक्ष तपेन्द्र सिंघलपुर, जिलाध्यक्ष धीर सिंह लिसौढ़ा, जिला उपाध्यक्ष रमन मौलाहेड़ी, पदम सिंह मोरना, उपेन्द्र सिंह मोरना, मांगेराम चांदपुर, तेजपाल अहमदगढ़, विजय मोरना, पंकज भोकरहेड़ी, रामकुमार चांदपुर, अरविन्द मालैंडी शामली, विनोद सुजडू, दीपक शिवपुरी इत्यादि उपस्थित रहे।

## ओवरलोड वाहनों के धड़ाधड़ कटे चालान



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम चन्द्र भूषण सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने गुरुवार को ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। एआरटीओ विनीत मिश्र के नेतृत्व में पीटीओ इरशाद अली ने विभागीय टीम के साथ भोपा और जानसठ रोड पर विशेष अभियान चलाया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए ओवर लोड सात वाहनों के चालान और तीन वाहनों को सीज किया गया है। बुधवार की देर शाम डीएम ने परिवाहन विभाग के अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। डीएम के निर्देश पर एआरटीओ प्रशासन और पीटीओ ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया है। टीम ने भोपा और जानसठ रोड पर इस अभियान को चलाया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए ओवरलोड सात वाहनों का चालान किया है और तीन वाहनों को सीज किया है। पीटीओ इरशाद अली ने बताया कि आगे भी इस अभियान को चलाया जाएगा। गुरुवार को हुई कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम को भी भेजी गई है।

## नई मंडी की चौड़ी गली में ज्वैलर्स से ठगी सोने की चेन

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** नई मण्डी में हाल में ही ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की वारदात हुई, जिसका पुलिस ने खुलासा कर दिया था, लेकिन अब यहां नई मंडी चौड़ी गली पर सिंघल ज्वैलर्स के मालिक शिंवम से ठगों ने १द्र ग्राम सोने की चौन आंखों में धूल झौंककर ठग ली और फरार हो गये। प्राप्त समाचार केअनुसार थाना नई मंडी क्षेत्र के चौड़ी गली चौराहे पर स्थित सर्राफ की दुकान पर ग्राहक बनकर आये ठगों ने जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इन ठगों की चालाकी के आगे सर्राफा व्यापारी हाथ मलते ही रह गया। ठग अपना काम कर फरार हो गये। सोने की चौन गायब मिलने पर सर्राफ ने इसकी जानकारी आसपास व्यापारियों को दी। ठगी का पता चलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सर्राफा व्यापारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और व्यापारी से ठगों के खिलाफ तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सर्राफ से ठगी की सूचना मिलते ही व्यापारी नेता अनिल कंसल, संजय मित्तल व सभासद विकास गुप्ता मौके पर पहुंचे और व्यापारी से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने और इस घटना में संलप्ति दोषियों को शीघ्र पकड़ कर चौन बरामद कराने की मांग की। व्यापारी नेताओं ने कहा कि इस समय व्यापारी वैसे ही मंदे से परेशान है, ऊपर से ठगी जिसमें दो महिला व एक पुरुष ग्राहक बनकर आये व अंगूठी नाक के पिन देखते देखते चेन दिखाने को कहा और चौन के डिब्बे में से एक चेन व दो नाक के मोती गायब कर उठ कर मोटरसाइकिल पर बैठ कर रफूचक्कर हो गये। वहीं पुलिस ने बताया कि सर्राफ की दुकान पर आये तीनों ठगों ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, जिस कारण सीसीटीवी फुटेज में उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। जिससे उनकी पहचान करने में परेशानी हो रही है। नई मंडी जैसे पाश एरिया में क्राइम कि घटनाओं का इजाफा होने से व्यापारियों में रोष बना हुआ है। हम व्यापार मंडल की और से सर्राफा एसोसिएशन से माँग करते हैं की सर्राफ की दुकान में प्रवेश करते ही ग्राहक को मास्क उतारने की अपील करनी चाहिये। धोखाधड़ी व लूट करने वालों की चेहरे के फोटो कैमरे में साफ आएं और दोषियों को पकड़ने में पुलिस को भी सहूलियत मिल सके।

## जांच के बाद एक क्लीनिक सील, दो को चेतावनी



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा पुरकाजी में अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक क्लीनिक में कागजात ना मिलने पर उसे सील कर दिया गया।

जनपद मुजफ्फरनगर में आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद पवार एवं डॉ राजीव निगम द्वारा एक टीम बनाकर ब्लॉक पुरकाजी में झोलाछाप धबिना पंजीकरण के का चल रहे क्लीनिकों पर निरीक्षण किए गए। निरीक्षण के दौरान वेदांतम नर्सिंग होम एवं संजीवनी क्लीनिक के दस्तावेज चेक किए गए जोकि अपूर्ण थे जिसके लिए दोनों क्लिनिको को चेतावनी नोटिस दे दिया गया है कि वह अपने सभी दस्तावेज पूर्ण कर के संबंधित कार्यालय में जमा कराएं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पुरकाजी के प्रियांशी क्लीनिक पर भी निरीक्षण किया गया। जहां पर कुछ भी दस्तावेज ना होने के कारण क्लीनिक को सील कर दिया गया है। अधिकारियों के द्वारा शमीम दाई के यहां छापामारी की गई जहां पर उसके यहां प्रसव संबंधित कोई भी सबूत नहीं मिले हैं।

## मदर्स प्राइड स्कूल में गणपति विसर्जन किया



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मदर्स प्राइड स्कूल में में आज गणपति विसर्जन का उत्सव मनाया गया। स्कूल की डायरेक्टर डश्व रिंकू एस गोयल ने गणपति विसर्जन के दौरान गणेश जी को विदाई दी । गणेश जी को 7 सात दिन रखने के बाद सभी ने गणपति बप्पा मौर्य के जयकारे लगा कर उनको विदाई दी। सभी विद्यार्थियों ने गणेश जी को हाथ जोड़ कर विदा किया । स्कूल की शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को गणपति विसर्जन के बारे मैं बताया कि हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी के दिन उनको लेकर आते है। इस दिन भगवान गणेश विराजित होते हैं और अनंत चतुर्दशी के दिन उन्हें विदा किया जाता है। इस दिन को सफल बनाने मै स्कूल की सभी शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।